सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

कुल पृष्ठ 14+4=18 | मूल्य ₹ 4.00 (बाल भास्कर 32 पेज - ऐच्छिक मूल्य ₹ 7.00)

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अख़बार

# दैनिक भास्कर
हरियाणा

dainikbhaskar.com | पानीपत | शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, 2072

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 | |
| पिछला | 28707.75 | |
| सोना | 26,750.00 | |
| घटा | 400.00 | |
| चांदी | 36,650.00 | |
| घटी | 1350.00 | |
| डॉलर | 62.24 | |
| पिछला | 62.24 | |
| यूरो | 67.01 | |
| पिछला | 67.54 | |

# घर में घुसे लुटेरे की पिस्तौल बच्चे ने हाथ मारकर गिराई, बाहर धकेला

- पानीपत में लूट के इरादे से आए बदमाशों को 2 बच्चों ने भगाया
- एक बदमाश घुसा था घर के अंदर, दूसरा बाहर कर रहा था निगरानी
- बहन पर पिस्तौल तान मांगे थे गहने-नकदी

भास्कर न्यूज़ | पानीपत

शहर के कंबल व्यापारी के घर लूट के इरादे से आए दो बदमाशों को उनके तीन बहादुर बच्चों ने ऐसा चकमा दिया कि उन्हें उल्टे पांव भागना पड़ा। दरअसल, एक बदमाश बाहर निगरानी करने लगा और दूसरा घर में घुस गया। उसने बच्चों पर पिस्तौल तानकर गहने और नकदी मांगी। तभी एक बच्चे ने होशियारी दिखाते हुए पिस्तौल पर हाथ मारकर गिरा दिया। जैसे ही बदमाश पिस्तौल उठाने लगा तो बच्चों ने उसे धक्का मारकर दरवाजे से बाहर धकेल दिया और कुंडी लगाकर शोर मचाने लगे। खुद को घिरता देख दोनों बदमाश वहां से भाग खड़े हुए।

घटना देवी मूर्ति कॉलोनी की है। कंबल कारोबारी सोनू बंसल गुरुवार को पत्नी शालिनी के साथ दिल्ली गए थे। उनके पिता सुभाष पचरंगा बाजार स्थित दुकान पर थे। 12वीं में पढ़ने वाली बेटी शगुन छुट्टी होने के कारण घर पर ही थी। 9वीं में पढ़ने वाला बेटा अर्चित व 5वीं में पढ़ने वाला सार्थक स्कूल



सार्थक बंसल | अर्चित बंसल

गए हुए थे। दोपहर 2:30 बजे सार्थक और अर्चित स्कूल से आए। करीब 3 बजे शगुन रसोई में थी। सार्थक व अर्चित खाना खा रहे थे। तभी एक युवक सीधे रसोई में पहुंचा। उसने शगुन पर पिस्तौल तान दी और रसोई से बाहर ले आया। अर्चित व सार्थक यह सब देख खड़े हो गए। युवक ने उनसे गहने और नकदी मांगी। शगुन ने कहा- उनके पास कुछ नहीं है। बदमाश जान से मार देने की धमकी देने लगा। तभी मौका देखकर अर्चित ने पिस्तौल पर हाथ मार दिया। पिस्तौल घर के मेन गेट के पास गिरी। जैसे ही बदमाश पिस्तौल उठाने के लिए झुका तो तीनों बच्चों ने उसे धक्का देकर बाहर निकाल दिया।

### सामने आए तो पहचान लेंगे : बच्चे

घटना के बाद आसपास लोगों ने सोनू बंसल को घटना की जानकारी दी। शगुन ने बताया कि अंदर घुसा युवक करीब 20-21 साल का था। सामने आने पर वे अच्छी तरह पहचान सकते हैं। जबकि बाहर खड़े युवक की उम्र 30 साल के करीब होगी। वह मुंह पर रुमाल बांधे था और हेलमेट पहने था। पुलिस ने बच्चों को शहर के थानों में मौजूद अपराधियों की फोटो एलबम भी दिखाई। लेकिन कोई चेहरा आरोपियों से नहीं मिल पाया। शहर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि स्कैच तैयार कराया जाएगा।

## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

मुंबई| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

### IPL-8 : नतीजा

**रोमांचक मुकाबले में चेन्नई ने दिल्ली को 1 रन से हराया**



मैच विनर
आशीष नेहरा

विकेट 3 | ओवर 4 | रन 25

**स्कोर**

चेन्नई 150/7 (20 ओवर)
दिल्ली 149/9 (20 ओवर)

आज का मैच
किंग्स इलेवन vs राजस्थान रॉयल्स
(रात 8.00 बजे से)

## न्यूज इनबॉक्स

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली| गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे।

### शियोमी ने 12 घंटे के भीतर 2.12 लाख फोन बेचे

बीजिंग| चाइना स्मार्टफोन कंपनी शियोमी ने बुधवार को 12 घंटे के अंदर अपने 2.12 लाख स्मार्टफोन बेचे है। इसके लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। एशिया के सात देशों में इस स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलिकॉप्टर



नई दिल्ली| बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलिकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलिकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्सएप की तरह जीयो चैट

नई दिल्ली| रिलायंस ने वाट्सएप की तरह जीयो चैट को लॉन्च किया है। यह एंड्रॉयड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

### जमीन अधिग्रहण अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली| 4 गैर-सरकारी संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर जमीन अधिग्रहण अध्यादेश दोबारा लाने के केंद्र के अधिकारों की वैधानिकता को चुनौती दी है। इन संगठनों में दिल्ली ग्रामीण समाज, भारतीय किसान यूनियन और ग्रामीण सेवा समिति शामिल हैं।

### जेल से बाहर न आने पाए लखवीः भारत

लाहौर/नई दिल्ली | मुंबई हमले का मास्टरमाइंड जकी-उर-रहमान लखवी जल्द रिहा होगा। पाकिस्तान सरकार ने उसके खिलाफ संवेदनशील सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए। इस पर लाहौर हाईकोर्ट ने पंजाब प्रांत का मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर के तहत उसे हिरासत में रखने का आदेश रद्द कर दिया।

- लाहौर हाईकोर्ट ने रद्द किया लखवी को हिरासत में रखने का आदेश

भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दोहराया है कि लखवी जेल से बाहर नहीं आना चाहिए। जस्टिस मुहम्मद अनवरुल हक ने कहा कि 'कानून अधिकारी ने लखवी के बारे में अहम जानकारी दी है। लेकिन कोर्ट इसे स्वीकार नहीं कर सकता। पेश किए गए सबूत असंतोषजनक है।'

## मंगला आरती तक रात रही गुलाम...



वाराणसी| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की रवायत-ओ-तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

# अब हिसार में दो किसानों की मौत

## एक ने किया सुसाइड, एक को पड़ा दिल का दौरा, परिजनों ने फसल बर्बाद होने को बताया वजह

### पुलिस जांच में अभी फसल बर्बाद होने की वजह सामने नहीं आई

भास्कर न्यूज़ | हिसार

प्रदेश में गुरुवार को दो और किसानों की मौत हो गई। हिसार के सिंघरान में 55 वर्षीय रामचंद्र का शव पेड़ से लटका मिला तो बांडाहेड़ी में 58 वर्षीय रामसिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। परिजनों का दावा है कि इनकी मौत की वजह बेमौसम बरसात से फसल बर्बाद होने को बताया है। हालांकि, पुलिस और जिला प्रशासन की प्रारंभिक जांच में फसल खराब होने की बात सामने नहीं आई है। रामचंद्र के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें फसल बर्बादी का जिक्र नहीं है। दूसरी तरफ, रामसिंह के खेतों में फसल सही सलामत है। दोनों मामलों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। इससे पहले प्रदेश में चार किसानों की मौत हो चुकी है।

**सिंघरान केस :** मूलरूप से सिवानी के गांव मिट्ठी का रामचंद्र सुबह दवाई लेने हिसार आया था। दोपहर करीब एक बजे सिंघरान निवासी उसके मामा भूपसिंह के पास फोन आया कि उनके किसी रिश्तेदार ने सिंघरान में पशु चिकित्सालय के पास पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस पर भूपसिंह के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**बांडाहेड़ी केस :** हिसार के गांव बांडाहेड़ी निवासी रामसिंह सुबह करीब 7 बजे खेतों में गए थे। जब वह लौट रहे थे तो उन्हें दिल का दौरा पड़ा और बेसुध हो गए। राहगीरों ने सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे हिसार के निजी अस्पताल में ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

खेतों में मौत की पांच कड़वी कहानियां | पेज 2

## सत्यम घोटाला | दोनों भाइयों समेत सभी 10 आरोपी दोषी

# राजू को सात साल की जेल 5.5 करोड़ रु. का जुर्माना

- निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे थे तब
- राजू ने खुद गड़बड़ी का खुलासा किया था

एजेंसी | हैदराबाद

कॉर्पोरेट जगत को हिलाकर रख देने वाले 14 हजार करोड़ रु. के सत्यम घोटाले में छह साल बाद फैसला आ ही गया। कंपनी के तब के मालिक बी. रामालिंगा राजू को 7 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

राजू के भाई बी. रामा राजू समेत बाकी नौ आरोपियों को भी 7-7 साल की सजा दी गई है। जुर्माने की रकम 25 लाख रुपए तक है।

यह देश का सबसे बड़ा अकाउंटिंग घोटाला था। कॉर्पोरेट जगत को हिला देने वाले इस घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ कर फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। खाते में 7,000 करोड़ की गड़बड़ी की गई थी। खुलासे के दो दिन बाद ही राजू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था। फैसले के वक्त सभी आरोपी कोर्ट में थे। उन्हें फौरन हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अब तक सभी जमानत पर थे।

### छह साल पहले राजू ने कहा था- 'हमें नहीं पता था कि शेर का निवाला बने बिना उस पर से उतरा कैसे जाए...'



अब भी ठाठ बाकी : फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे रामालिंगा राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

### स्पिनिंग मिल से जेल तक का सफर

- आंध्र प्रदेश के किसान परिवार के राजू का पहला कारोबार स्पिनिंग और वीविंग मिल का था। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- **1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 पब्लिक लि. बनी। अमेरिका तक में लिस्टेड हुई।**
- कारोबार 66 देशों में फैला था। साख ऐसी बनाई कि सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का अवॉर्ड मिला।
- **2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने किसी भी तरह के लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।**
- जुलाई 2009 में नीलामी के वक्त सत्यम को महिंद्रा ने खरीद लिया। 21 मार्च 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

### कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120-बी (साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ अन्य धाराओं में दोषी।**

**23 साल पहले हर्षद मेहता केस :** मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। मेहता पर 27 केस चले। एक में दोषी ठहराए गए। 2001 में हिरासत में ही मौत हो गई।

राजू दो महीने के भीतर हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकते हैं। वहां भी उनके खिलाफ फैसला हुआ तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

**लीना मंगत ने की थी पहली शिकायत**

सत्यम के खिलाफ सिकंदराबाद की लीना मंगत ने पहली शिकायत दर्ज कराई थी। सीबी-सीआईडी ने जनवरी 2009 को केस दर्ज किया था। लीना ने कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार रुपए सत्यम में लगाए थे। लेकिन कंपनी की गड़बड़ियों के कारण डूब गए।

## आपके काम की 4 ख़बरें

### ट्राई ने रोमिंग कॉल रेट घटाए, 1 मई से लागू

# रोमिंग पर कॉल 23% तक और एसएमएस 75% तक होगा सस्ता

नई दिल्ली | दूरसंचार नियामक ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग पर कॉल करना अब 23% तक सस्ता हो जाएगा। इसी तरह लोकल एसएमएस भेजना भी 75% तक सस्ता होगा। इसके लिए सिर्फ 25 पैसे लगेंगे। एक रुपया नहीं। नई दरें एक मई से लागू होंगी।

**यात्रा करने वालों के लिए राहत** ट्राई का ये फैसला उन लोगों के लिए खुशखबरी है, जो कामकाज के सिलसिले में दूसरे राज्यों में यात्रा करते हैं। ट्राई ने पहले लोकल कॉल्स के लिए 65 पैसे और एसटीडी के लिए एक रुपया अधिकतम दर का प्रस्ताव दिया था। लेकिन कंपनियों के विरोध के चलते उसे पीछे हटना पड़ा।

**ये होंगी नई कॉल दरें**

| कॉलिंग | पहले | अब | एसएमएस | पहले | अब |
|---|---|---|---|---|---|
| लोकल आउटगोइंग | 1 रुपए/मिनट | 80 पैसे/मिनट | लोकल एसएमएस | 1 रुपए | 25 पैसे |
| आउटगोइंग एसटीडी | 1.50 रुपए/मिनट | 1.15 रुपए/मिनट | लॉन्ग डिस्टेंस एसएमएस | 1.50 रुपए | 38 पैसे |

इनकमिंगः 75 पैसे प्रति मिनट से घटाकर 45 पैसे प्रति मिनट की

### आधार | 5 साल के बच्चों का बायोमेट्रिक डिटेल्स नहीं

नई दिल्ली | नवजात व पांच साल से कम उम्र के बच्चों को आधार नंबर के लिए बायोमेट्रिक डिटेल्स देने की जरूरत नहीं है। ऐसे बच्चों का भले ही फोटो उपलब्ध न हो, उनका नाम न रखा गया हो, यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीआईए) उन्हें आधार नंबर जारी करेगा।


### हड़ताल | प्रदेश के 2600 पेट्रोल पंप 11 को बंद रहेंगे

हिसार | प्रदेश के 2600 पेट्रोल पंप 11 अप्रैल को बंद रहेंगे। ऑल हरियाणा पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन ने एक दिनी हड़ताल का फैसला किया है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का कहना है कि केंद्र सरकार ने मांगें नहीं मानी तो बेमियादी हड़ताल करेंगे। एसोसिएशन ने डीलरों का कमीशन बढ़ाने समेत कई मांगें रखी हैं।

### 1,000 रु. न्यूनतम मासिक पेंशन स्कीम फिलहाल टली

नई दिल्ली| ईपीएफओ ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना इस महीने से स्थगित कर दी है। इस फैसले से करीब 32 लाख पेंशनर प्रभावित होंगे। सितंबर 2014 से लागू हुई इस योजना के तहत उन लोगों की पेंशन राशि बढ़ाकर 1,000 रु. महीना कर दी गई थी, जिन्हें इससे कम पेंशन मिल रही थी। योजना के स्थगित होने से लाभार्थियों को पुरानी दर से पेंशन मिलेगी।

### ट्रांसफर कंट्रोवर्सी के बाद अशोक खेमका ने सीएम को दी सफाई



चंडीगढ़| तबादले को लेकर कंट्रोवर्सी के बाद आईएएस अफसर अशोक खेमका गुरुवार सुबह 9.15 बजे सीएम मनोहरलाल से मिलने उनके निवास पहुंचे। करीब 10-12 मिनट की मुलाकात के दौरान खेमका ने सीएम को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार रोकने के लिए अपने प्रयासों को लेकर स्थिति स्पष्ट की। सीएम ने उन्हें इन बातों पर गौर करने का आश्वासन दिया। खट्टर ने खेमका से भी कहा कि वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ प्रदेश की जनता के हित में काम करें रहें। सीएम से मुलाकात के बाद खेमका ने मीडिया को किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

शेष | पेज 9 पर

### आरक्षण बचाने के लिए 'बेटी बचाओ' का संदेश देंगे जाट

जींद | आरक्षण बचाने के लिए अखिल भारतीय जाट महासभा और खाप पंचायतें 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का संदेश देंगी। पीएम मोदी के अनुरोध के बाद जाट प्रतिनिधि गांव-गांव जाकर प्रचार करेंगे। गुरुवार को जींद की जाट धर्मशाला में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। इसमें जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश मान, जिला अध्यक्ष विकास बुआना, हरियाणा सर्वखाप पंचायत के संयोजक एवं बराह बारहा खाप के प्रधान कुलदीप ढांडा, ढुल खाप के प्रधान इंद्र सिंह ढुल, राठी खाप के प्रधान डॉ. रणबीर राठी, कंडेला खाप के प्रधान टेकराम कंडेला मौजूद थे। खाप नेताओं ने कहा, 'हमें मोदी पर विश्वास है। वे जाटों का आरक्षण फिर से बहाल कर देंगे। अब हम 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' मुहिम को आगे बढ़ाने का अपना वादा पूरा करेंगे।

**खाप प्रतिनिधि बोले- अपना वादा निभाएंगे, उम्मीद है मोदी दिलाएंगे जाटों को आरक्षण**

मान ने कहा, 'मुहिम की शुरुआत 18 अप्रैल को भिवानी में होगी। शुरुआत में खाप स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। गांवों के स्तर पर कमेटियां गठित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। भ्रूणहत्या करने व कराने वाले के खिलाफ सामाजिक दंड भी तय किया जा सकता है। सरकार को भी कड़ा कानून बनाना चाहिए।'

### डीसी-डीसीपी को मंच पर बुलाकर बोले सीएम

## जनता को बताओ; पैसे लेकर काम करने का जमाना अब चला गया



कालका | तस्वीर पंचकूला के कालका की है। गवर्नमेंट कॉलेज के सामने मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले अधिकारी काम करने के एवज में कहते थे कि ऊपर तक जाता है। अब मैं खड़ा हूं या फिर ऊपर वो भगवान है। तभी सीएम ने जिले के डीसी व डीसीपी को मंच पर बुलाया और कहा कि हाथ खड़े कर जनता को बताओ कि अब पैसे लेकर काम करने का जमाना चला गया है। दोनों अफसरों ने तुरंत हाथ उठाकर सीएम की बात को सहमति दी।

**भास्कर ख़ास** | देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका


# सीने में छोटा सा छेद किया, और बदल दिया वॉल्व

समीर राजपूत | अहमदाबाद

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। पर अहमदाबाद के डॉक्टरों ने टीवीएआर प्रोसीजर में थोड़ा बदलाव करके वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेंद्र शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज था। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
-डॉ. समीर दाणी, कार्डियोलॉजिस्ट, अपोलो, गांधीनगर

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
-डॉ. अतुल माथुर, कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली